कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांकः KU/DIC/2025/1356 | दिनांकः 24/11/2025

सूचना

उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2025–27 के संदर्भ में, समस्त अभ्यर्थियों/परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025–27 के बी0एड0 पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतू समर्थ पोर्टल के माध्यम से परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों के विकल्प ऑनलाईन मागे गए थे। अभ्यर्थियों द्वारा अर्जित किए गए लिखित परीक्षा एवं अधिमान अंकों के कुल योग के आधार पर तैयार की गई वरीयता सूची के अनुसार काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग किए हुए अभ्यर्थियों को परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का आवंटन कर दिया गया है।

साथ ही यह अवगत कराना है कि अभ्यर्थियों के लिए अपने आवंटित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को स्वीकार करने की तिथि 25 नवंबर 2025 से 29 नवंबर 2025 को सायं 3 बजे तक निर्धारित की गई है। आवंटित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को स्वीकार करने के उपरांत अभ्यर्थी 29 नवंबर 2025 को सायं 5 बजे तक अपना प्रवेश सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में सुनिश्चित कर लें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक 25.11.2025 को निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

1.दैनिक जागरण नैनीताल। 2. अमर उजाला नैनीताल। 3. हिन्दुस्तान नैनीताल। 4. दैनिक आज, नैनीताल।
5.राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल। 6. उत्तरांचल दीप, नैनीताल। 7. उत्तर उजाला, नैनीताल। 8. शाह टाइम्स नैनीताल।
9. न्यूज प्रिंट, नैनीताल।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

1– कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल।
2– कुलसचिव, एस0एस0जे0 विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

कुलसचिव